# J. SINGH COMPETITION ACADEMY

"आनो भद्राः कृतवो यन्तु विश्वतः"
"Let Noble thoughs come to you from all sides"
Amaha house civil lines Boda bag Road, Rewa (M.P)
Mob.9329249957

समय :- 1 : 00    **अधिनियम**    पूर्णांक :–90

(टेस्ट पेपर – 27)

## अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989

1. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 को राष्ट्रपति द्वारा किस तिथि को अनुमति प्रदान की गई ?
   a 1 सितम्बर 1989    b 11 सितम्बर 1989
   c 1 जनवरी 1990    d 30 जनवरी 1990
2. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में मूल रूप से कुल कितनी धाराएं है ?
   a 20    b 22
   c 23    d 25
3. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में मूल रूप से अध्याय थे ?
   a दो    b तीन
   c चार    d पाँच
4. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के किस अध्याय में 'पीडित एवं साक्षी के अधिकार' का प्रावधान किया गया है ?
   a अध्याय 1    b अध्याय 3
   c अध्याय 4    d अध्याय 4 (क)
5. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 का विस्तार है –
   a जम्मू कश्मीर राज्य को छोडकर सम्पूर्ण भारत में    b सम्पूर्ण भारत में
   c केन्द्र शासित राज्यों को छोडकर सम्पूर्ण भारत में    d इनमें से कोई नही
6. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत संहिता से अभिप्राय है ?
   a भारतीय साक्ष अधिनियम    b भारतीय दण्ड संहिता
   c दण्ड प्रक्रिया संहिता    d सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम
7. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में 'लोक सेवक' को परिभाषित किया गया है ?
   a धारा – 2(bb)    b धारा – 2(bd)

J.singh competition academy rewa

c धारा – 2(bf) d धारा – 2(bg)

8. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अपराध तब माना जाएगा, जब वह अपराध अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य के प्रति निम्न के द्वारा किया गया है ?

a इसाई धर्म के सदस्य द्वारा
b सिक्ख धर्म के सदस्य के द्वारा
c अनु. जाति, जनजाति के सदस्यों को छोडकर अन्य जाति के सदस्यों के द्वारा
d अनु. जाति जनजाति के सदस्यो के द्वारा

9. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अनुसार 'साक्षी' से तात्पर्य है ?

a जिसने अपराध किया है
b जो पीडित है
c जो अपराध के अन्वेषण, जाँच या विचारण के प्रयोजन के लिए तथ्यों और परिस्थितियों से परिचित है।
d इनमें से कोई नही

10. यदि कोई अनुसूचित जाति तथा जनजाति का सदस्य नही है और अनु. जाति तथा जनजाति के सदस्य के विरूद्ध हत्या के मामले में झूठी गवाही देता है जिसके फलस्वरूप अनु. जाति जनजाति का सदस्य दोषसिद्ध पाया जाता है और उसके विरूद्ध मृत्युदण्ड का कार्यान्वयन हो जाता है तो वह भागी होगा –

a मृत्यु दण्ड
b आजीवन कारावास
c 7 वर्ष का कारावास
d 6 माह का कारावास

11. लोक सेवक होते हुए धारा 4 के तहत कर्तव्य की जानबूझकर उपेक्षा की स्थिति में न्यूनतम दण्ड का प्रावधान है ?

a 3 माह
b 6 माह
c 1 वर्ष
d आजीवन कारावास

12. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत पश्चातवर्ती दोष सिद्ध के लिए कम से कम दण्ड का प्रावधान है ?

a 3 माह
b 6 माह
c 1 वर्ष
d 2 वर्ष

13. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में 'कतिपय व्यक्तियों की सम्पत्ति का समपहरण' का प्रावधान निम्न में से किस धारा में किया गया है ?

a धारा 6
b धारा 7
c धारा 8
d धारा 9

14. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत शीघ्र विचारण के लिए विशेष न्यायालय एवं अनन्य विशेष न्यायालय की स्थापना राज्य सरकार निम्न में से किसकी सहमति से करती है ?

a केन्द सरकार
b सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश
c राज्यपाल
d उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश

15. इस अधिनियम के तहत मामले यथा संभव कितनी समयावधि में निपटाए जाने का

J.singh competition academy rewa

प्रावधान किया गया है ?

a 1 माह
b 2 माह
c 6 माह
d 1 वर्ष

16. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत प्रत्येक अपील का निपटारा यथासंभव अपील ग्रहण करने की तारीख से निम्न में से किस अवधि के भीतर होगा –

a 1 माह
b 2 माह
c 3 माह
d 6 माह

17. राज्य सरकार प्रत्येक विशेष न्यायालय के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एक लोक अभियोजक नियुक्त करेगी जिसने कम से कम –

a 1 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो
b 3 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो
c 5 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसासय किया हो
d 7 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो

18. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति किसे है ?

a केन्द्र सरकार
b राज्य सरकार
c विशेष न्यायालय
d उच्च न्यायालय

19. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 17 के तहत निम्न में से कौन सा पदाधिकारी निवारक कार्यवाही नही कर सकता –

a जिला मजिस्ट्रेट
b उपखण्ड मजिस्ट्रेट
c पुलिस उपनिरीक्षक
d पुलिस उप अधीक्षक

20. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की किस धारा में विशेष लोक अभियोजक एवं अनन्य लोक अभियोजक का प्रावधान किया गया है ?

a धारा 10
b धारा 12
c धारा 14
d धारा 15

21. इस अधिनियम के आधीन किस आयु के व्यक्तियों पर परवीक्षा अधिनियम के उपबंध लागू नही होगे –

a 14 वर्ष से अधिक
b 18 वर्ष से अधिक
c 21 वर्ष से अधिक
d 24 वर्ष से अधिक

22. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 निम्न में से किस श्रेणी में आती है ?

a विशेष विधि
b असंगत विधियो पर अध्यारोपित
c सामान्य विधि
d a और b दोनो सही है

23. इस अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन करना निम्न में से किसका दायित्व है ?

a उच्चतम न्यायालय
b उच्च न्यायालय

J.singh competition academy rewa

c केन्द्र सरकार | d राज्य सरकार

24. इस अधिनियम के आधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के पश्चात यथा शीघ्र कितने समय के लिए संसद के सदन के समक्ष रखा जाएगा।

a 7 दिन | b 15 दिन
c 30 दिन | d 90 दिन

25. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत नियम बनाने की शक्ति निम्न में से किसमें निहित है ?

a केन्द्र सरकार | b राज्य सरकार
c सर्वोच्च न्यायालय | d a और b दोनो सही है

26. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की निम्न में से किस धारा मे 'अग्रिम जमानत का प्रावधान है ?

a धारा 22 | b धारा 20
c धारा 18 | d धारा 16

27. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के आधीन विशेष न्यायालय निम्न में से कौन सी शक्ति का प्रयोग नही कर सकता

a व्यक्ति को हटाया जाना जिसके द्वारा अपराध किए जाने की संभावना है | b सम्पत्ति का समपहरण
c व्यक्ति का माप लिया जाना | d सामूहिक जूर्माना अधिरोपित करना

28. अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में भाग 4(क) तथा धारा 15 (क) कब जोडे गये –

a 2 अक्टूबर 2015 | b 15 अगस्त 2016
c 26 जनवरी 2016 | d 15 अगस्त 2015

29. इस अधिनियम की किस धारा में पीडित या साक्षी को अधिकार प्रदान किए गए है ?

a धारा – 12 | b धारा – 13
c धारा – 15 | d धारा – 15(A)

30. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति जो अनु. जाति या जनजाति का सदस्य नही है, जादू टोना करने या डायन होने के अभिकथन पर अनु. जाति या जनजाति के सदस्य को शारीरिक हानि पहुँचायेगा या मानसिक यंत्रणा देगा वह किस अवधि के कारावास से दण्डित होगा

a जिसकी अवधि 6 माह से कम की नही होगी और जुर्माने से | b जिसकी अवधि 1 वर्ष की होगी और जुर्माने से
c जिसकी अवधि 5 वर्ष की होगी और जुर्माने से | d जिसकी अवधि 6 माह से कम की नही होगी किंतु 5 वर्ष तक हो सकेगी और जुर्माने से

## सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम – 1955

31. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 को पहले किस नाम से जाना जाता था ?

J.singh competition academy rewa

a अस्पृश्यता निवारण अधिनियम
b अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम
c छुआछूत और कुरीतियों का उन्मूलन अधिनियम
d इनमें से कोई नही

32. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी ?
a 8 मई 1955
b 1 जून 1955
c 1 नवम्बर 1956
d 19 नवम्बर 1956

33. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 प्रभावशील है ?
a संपूर्ण भारत में
b जम्मूकश्मीर को छोडकर संपूर्ण भारत में
c संघ राज्य क्षेत्रो को छोडकर संपूर्ण भार में
d उपरोक्त में से कोई नही

34. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 में मूल रूप से कुल कितनी धाराएं है ?
a 17
b 19
c 21
d 23

35. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के अंतर्गत अपराध का विचारण निम्न में से किस न्यायालय द्वारा किया जाता है यदि अपराध 3 माह से अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय है।
a सत्र न्यायालय
b प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट
c द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट
d मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

36. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के अंतर्गत कंपनी द्वारा अपराध किए जाने की दशा में कौन उत्तरदायी होगा ?
a निदेशक
b फर्म प्रबंधक
c कंपनी का सचिव
d उपरोक्त सभी

37. भारतीय संसद ने संविधान के किस–किस अनुच्छेदो के आधीन अपनी शक्ति का प्रयोग कर अस्पृश्यता अपराध अधिनियम 1955 पारित किया था –
a केवल अनुच्छेद 13 के आधीन
b केवल अनुच्छेद 17 के आधीन
c केवल अनुच्देद 35 के आधीन
d केवल अनुच्छेद 17 व 35 के आधीन

38. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की निम्न में से किस धारा में 'सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की राज्य सरकार की शक्ति का उपबंध किया गया है ?
a धारा 10
b धारा 10 (क)
c धारा 14
d धारा 14 (क)

39. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत 'सदभावना पूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण' का उपबंध है ?
a धारा 16 (क)
b धारा 15 (क)
c धारा 16 (ख)
d धारा 14 (क)

40. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की निम्न में से किस धारा के अंतर्गत 'कंपनी द्वारा अपराध का उपबंध' किया गया है ?
a धारा 10
b धारा 12

J.singh competition academy rewa

c धारा 14 d धारा 16

41. भारतीय संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद में अनुसूचित जाति को परिभाषित किया गया है ?

a अनुच्छेद 61 b अनुच्छेद 342

c अनुच्छेद 123 d अनुच्छेद 366

42. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की निम्न में से किस धारा में सामाजिक निर्योग्यता लागू करने की लिए दण्ड का प्रावधान किया गया है ?

a धारा 3 b धारा 4

c धारा 5 d धारा 6

43. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत पश्चातवर्ती (द्वितीय अपराध) के लिए न्यूनतम दण्ड का प्रावधान किया गया है ?

a तीन माह और एक सौ रूपये b छः माह और दो सौ रूपये

c एक वर्ष और पाँच सौ रूपये d दो वर्ष और एक हजार रूपये

44. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति निम्न में से किसमें निहित है –

a केन्द्र सरकार b राज्य सरकार

c उच्चतम न्यायालय d प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट

45. 'अस्पृश्यता' का अंत करने से प्रोद्भूत अधिकारो का सम्बंधित व्यक्तियों द्वारा फायदा उठाना सुनिश्चित करने का राज्य सरकार का कर्तव्य निहित है –

a धारा 14 b धारा 14(क)

c धारा 15(क) d धारा 16

46. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत परवीक्षा अधिनियम 1958 ऐसे व्यक्ति पर लागू नही होगे जो –

a 14 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों पर b 14 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियो पर

c 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों पर d 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों पर

47. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत नियम बनाने की शक्ति निम्न में से किसमें निहित है –

a राज्य सरकार b केन्द्र सरकार

c दोनो d इनमें से कोई नही

48. किसी सार्वजनिक सवारी का उपयोग करना या उसमें सवारी करने से रोकना निम्न में से कौन सी निर्योग्यता है ?

a धार्मिक निर्योग्यता b सामाजिक निर्योग्यता

c आर्थिक निर्योग्यता d उपरोक्त सभी

49. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त संस्थान यदि सामाजिक एंव धार्मिक निर्योग्यता लागू करती है तो –

J.singh competition academy rewa

a राज्य सरकार ऐसे संस्था के देय अनुदान को रोक सकेगी
b अनुदान को पुनः ग्रहण कर सकेगी
c दोनो सही है
d इनमें से कोई नही

50. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के अनुसार कंपनी से तात्पर्य है ?
a कोई निगमित निकाय
b कोई फर्म
c संगम निकाय
d उपरोक्त सभी

51. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 3 और 4 के प्रयोजन के लिए निम्न में से किसे हिन्दू नही माना जाएगा।
a ब्रम्ह समाज
b सिक्ख
c वीर शैव
d इसाइयों को

52. इस अधिनियम के तहत संसद के प्रत्येक पटल पर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का दायित्व निमन में से किसका है ?
a केन्द्र
b राज्य सरकार
c केन्द्र एवं राज्य सरकार
d ऐसा प्रावधान नही है

53. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 में अधिकतम दण्ड निम्न में से किस अपराध हेतु निर्धारित है
a शरीर या सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध
b माल बेचने या सेवा करने से मना करना
c मन्दिर में पूजा से रोकना
d सार्वजनिक कुएं के उपयोग से रोकना

54. इस अधिनियम के आधीन अधिकतम कितने वर्ष के कारावास का प्रावधान है ?
a 6 माह
b 1 वर्ष
c 2 वर्ष
d इनमें से कोई नही

55. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत फर्म के संबंध में निदेशक से तात्पर्य है –
a फर्म का भागीदार
b फर्म का एजेंट (वेतन) प्राप्त करने वाला
c निदेशक को परिभाषित नही किया गया
d उपरोक्त में से कोई नही

56. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 14 में किसी बात के होते हुए भी दण्ड का भागी नही होगा –
a कम्पनी का निदेशक
b कम्पनी का सचिव
c कम्पनी का भागीदार
d ऐसा कोई व्यक्ति जो यह साबित कर दे कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया है।

57. क्या सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 सीमित है –
a केवल हिन्दुओ तक
b केवल मुस्लिमो तक
c केवल इसाइयो तक
d किसी भी विशेष समुदाय या धर्म के लिए नही

## मानव अधिकर संरक्षण अधिनियम 1993

58. मानव अधिकर संरक्षण अधिनियम 1993 निम्न में से किस दिनाँक से लागू हुआ ?

J.singh competition academy rewa

a 8 जनवरी 1993 b 8 जनवरी 1994
c 28 सितम्बर 1993 d 28 सितम्बर 1994

59. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 का विस्तार है –
a संपूर्ण भारत में b जम्मू कश्मीर को छोडकर संपूर्ण भारत में
c जम्मू कश्मीर में राज्य सूची को छोडकर संपूर्ण भारत मे d उपरोक्त में से कोई नही

60. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 में मूल रूप से कितनी धाराएँ है –
a 8 b 43
c 21 d 44

61. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है –
a 10 दिसम्बर b 8 मार्च
c 1 मई d 25 जनवरी

62. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का मुख्यालय है –
a नई दिल्ली b लखनऊ
c चंडीगढ d भोपाल

63. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 का संशोधन कब किया गया
a 2002 b 2006
c 2010 d 2016

64. राष्ट्रीय मावन अधिकार आयोग का अध्यक्ष निर्वाचित किया जा सकता है –
a सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायधीश रहा हो b सर्वोच्च न्यायालय का न्यायधीश रहा हो
c उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायधीश रहा हो d उच्च न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो

65. राष्ट्रीय मानव अधिकर आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की समिति में निम्न में से कौन शामिल नही होता
a प्रधानमंत्री b लोकसाभा में विपक्ष का नेता
c राज्य सभा का सभापति d राज्यसभा का उपसभापति

66. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल होता है –
a 60 वर्ष b 70 वर्ष
c 65 वर्ष d 75 वर्ष

67. मानव अधिकार आयोग ऐसे मामलों की जाँच नही कर सकता जो घटना घटित होने के कितने वर्ष पूर्व की हो
a एक वर्ष b दो वर्ष पूर्व
c तीन वर्ष पूर्व d पाँच वर्ष पूर्व

68. यदि किसी पद पर किसी सदस्य की नियुक्ति नही हो पाई और आयोग द्वारा कोई कार्य मानव अधिकार से संबंधित कर दिया गया है तो केवल ऐसे सदस्य के न होने से वह कार्य
a अविधि मान्य होगा b अविधि मान्य नही होगा
c दोनो सही है d इनमें से कोई नही

69. इस अधिनियम के तहत जांच करते आयोग निम्न में से कौन सी शक्तियों का प्रयोग

J.singh competition academy rewa

कर सकता है –

a साक्षियो को बुलाना b दस्तावेज मगवाना
c न्यायालय या लोक अधिलेख की प्रति मगाना d उपरोक्त सभी

70. राज्य मावन अधिकार आयोग के गठन का प्रावधान किस धारा में किया गया है –
a 19 b 20
c 21 d 22

71. राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है –
a राष्ट्रपति b राज्यपाल
c सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश d राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

72. राज्य आयोग के अध्यक्ष एवं सेवा की शर्ते निर्धारित की जाती है –
a केन्द्र सरकार द्वारा b राज्य सरकार द्वारा
c राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा d उच्च न्यायालय द्वारा

73. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को किस आधार पर हटाया जा सकता है –
a सिद्ध कदाचार b असमर्थता
c A और B दोनो d इनमें से कोई नही

74. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य है –
a मानव अधिकारों का बेहतर संरक्षण b मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन
c राज्य में मानव अधिकार सुरक्ष आयोग का गठन d उपरोक्त सभी

75. राष्ट्रपति द्वारा 1993 में मानव अधिकार संरक्षण अध्यादेश संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत जारी किया गया –
a अनु. 123 b अनु. 124
c अनु. 125 d अनु. 127

76. म.प्र. में राज्य मानव अधिकार आयोग का मुख्यालय स्थित है –
a इन्दौर b भोपाल
c जबलपुर d ग्वालियर

77. राज्य मानव अधिकार आयोग के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित समिति का अध्यक्ष होता है ?
a मुख्यमंत्री b विधानसभा का अध्यक्ष
c गृह मंत्रालय का प्रभारी मंत्री d विपक्ष का नेता

78. मानव अधिकार आयोग के लेखा की जांच निम्न में से किसके द्वारा की जाती है –
a केन्द्र सरकार द्वारा b राज्य सरकार द्वारा
c नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा d उपरोक्त में से कोई नही

79. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत पूर्ववर्ती प्रभाव से नियम बनाने की शक्ति किस धारा में दी गई है –
a धारा 38 b धारा 40
c धारा 40 (क) d धारा 40 (ख)

80. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के वर्तमान अध्यक्ष है –
a के.जी. बालाकृष्णन b एच. एल. दत्तू

J.singh competition academy rewa

c रंगनाथ मिश्र
d वेंकट चेलैया

81. मानव अधिकार किस वर्ग के लिए प्रयोक्त होते है
a उच्च वर्ग के लिए
b मध्यम वर्ग के लिए
c निम्न वर्ग के लिए
d उपरोक्त सभी के लिए

82. भारतीय संविधान के अंतर्गत मानव अधिकरों को निम्न में से किस रूप में सम्मिलित किया गया है ?
a महत्वपूर्ण अधिकार
b विधिक अधिकार
c संवैधानिक अधिकार
d उपरोक्त में से कोई नही

83. निम्न में से कौन सा अधिकार मानव अधिकार के अंतर्गत नही आता
a समानता का अधिकार
b जीने का अधिकार
c स्वतंत्रता का अधिकार
d जमीन खरीदने का अधिकार

84. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 175, धारा 178, धारा 180 या धारा 228 में वर्णित अपराध के संदर्भ में मानव अधिकार आयोग को समझा जाता है ?
a आपराधिक न्यायालय
b सिविल न्यायालय
c रेवेन्यू न्यायालय
d उपयुक्त में से कोई नही

85. सशस्त्र बलों के सदस्यो द्वारा मानव अधिकार के अतिक्रमण की शिकायतो के बारे में आयोग स्वप्रेरणा से या किसी अर्जी की प्राप्ति पर –
a स्वयं जांच करेगा
b जांच करने हेतु सम्बधित पुलिस अधिकारियो को निर्देशित कर सकेगा
c केन्द्रीय सरकार से रिपोर्ट मांग सकेगा
d उपयुक्त में से कोई नही

86. राज्य मानव अधिकार आयोग में सदस्य के रूप में उच्च न्यायालय का कोई आसीन न्यायधीश या कोई आसीन जिला न्यायधीश किसके परामर्श के पश्चात नियुक्त किया जा सकता है ?
a राज्यपाल
b संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश
c भारतीय उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायधीश
d राष्ट्रपति

87. राज्य आयोग के अध्यक्ष के पद पर हुई रिक्ति की दशा में, किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करने की शक्ति किसे है ?
a उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश
b राष्ट्रपति
c राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का अध्यक्ष
d राज्यपाल

88. राज्य आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन किसके समक्ष प्रस्तुत करता है ?
a राज्यपाल
b राज्य सरकार
c उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश
d भारत के मुख्य न्यायधीश

89. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम में सशस्त्र बल की परिभाषा में निम्न में से कौन सामिल नही है ?
a नौसेना
b राज्य के सशस्त्र बल
c थल सेना
d वायु सेना

90. आयोग, राज्य आयोग का प्रत्येक सदस्य एवं मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम के आधीन कृत्यो का प्रयोग करने के लिए आयोग या राज्य आयोग द्वारा नियुक्त या प्राधिकृत प्रत्येक अधिकारी समझा जाता है ?
a लोक अधिकारी
b लोक सेवक
c आयोग का अधिकारी
d उपरोक्त में से कोई नही

J.singh competition academy rewa

web - www.jsinghacademy.com
email – jsinghacademy@gmail.com

J.singh competition academy rewa